# श० म०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ

## आख्या: शोध संवाद: स्वातत्रोतर भारत मे शोध नव-प्रवर्तन

## (यू०जी०सी० एवं शोध समिति) (दिनांक : 24-03-2023 )



दिनांक 24/03/2023 को महाविद्‌यालय में शोध समिति, आजादी का अमृत महोत्सव एवम भारतीय प्रज्ञान परिषद, प्रज्ञा प्रवाह मेरठ के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर "शोध संवाद" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना एवम वंदे मातरम गीत से हुआ। कार्यक्रम में प्रो० सदानंद सप्रे, केंद्रीय टोली सदस्य प्रजा प्रवाह, निवर्तमान आचार्य एन० आई ०टी ० भोपाल, श्रीमान रघुनंदन जी, राष्ट्रीय सह सयोजक प्रजा प्रवाह, श्री भगवती प्रसाद राघव जी, केंद्रीय टोली सदस्य प्रजा प्रवाह एवम क्षेत्रीय संयोजक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवम उत्तराखंड, श्री अवनीश त्यागी जी, संयोजक, भारतीय प्रज्ञान परिषद, मेरठ प्रांत उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने अपने उद्‌बोधन में शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एवम शोध में गुणवत्ता हेतु इस तरह के विमर्शों से नए आयाम जुड़ते है। कार्यक्रम में प्रो० सदानंद सप्रे जी ने शोधार्थियों को शोध हेतु समस्या के चुनाव, शोध की समाज एवम राष्ट्र के संदर्भ में उपादेयता इत्यादि मुद्दों पर चर्चा की। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे "अनसंग हीरोज" के बारे में विस्तृत चर्चा कर उनके उल्लेखनीय कार्यों के बारे बताकर शोधार्थियों को उस दिशा में भी कार्य

करने को हेतु प्रेरित किया। शीधार्थियो ने परिचर्चा में अपने शोध से संबधित विषयों पर उसकी प्रासंगिकता, उद्देश्य इत्यादि पर चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन डा० अनीता गोस्वामी, डा ० गीता चौधरी एवम डॉ आर० सी० सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा ० अनीता गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर प्रो ० लता कुमार, प्रो ० अनुजा गर्ग, प्रो मंजू रानी, प्रो मोनिका चौधरी, डॉ राधा रानी, डा उषा साहनी, डा अमित कुमार, डा ० विकास कुमार,डा शालिनी सिंह, डॉ राजकुमार, डा गौरी, डा सुशील कुमार, डॉ नीता, डॉ आशीष पाठक, डा रिचा राणा, डा शाहिदा, डॉ गौरव डॉ मुनेश कुमार इत्यादि प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यकम का आयोजन यू जी सी एवम शोध समिति की प्रभारी डा गीता चौधरी एवम आर सी सिंह के निर्देशन में किया गया।











शहीद मंगल पाडे पीजी कालेज मे दीप प्रज्वलित करते अतिथि •जागरण

**शोध को समाज कल्याण से जोड़ना जरूरी**

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में शोध समिति, आजादी का अमृत महोत्सव एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद, प्रज्ञा प्रवाह की ओर से बलिदान दिवस पर शोध संवाद का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. अंजू सिंह ने कहा कि शोध संवाद उच्च शिक्षा मे महत्वपूर्ण हैं। डा . अनीता गोस्वामी, डा . गीता चौधरी उपस्थित रहे।

प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य

प्रो० गीता चौधरी
(समन्वयक यू जी सी एवं शोध प्रकोष्ठ)

# श० म०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ

## आख्या: स्वयं (SWAYAM) पोर्टल जागरुकता कार्यशाला

## (यू०जी०सी० एवं शोध समिति)

(दिनांक : 18-04-2023 से 20-04-2023 )

दिनांक 18/04/2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "स्वयं पोर्टल जागरुकता" विषय पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में एक त्रिदिवसीय कार्यशाला के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ आवेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर,वाणिज्य विभाग ने छात्राओं को स्वयं (SWAYAM) पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवम उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । कार्यशाला का आयोजन यू०जी०सी० एवम शोध समिति की प्रभारी डा० गीता चौधरी के निर्देशन में किया गया।







प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य

समन्वयक
प्रो० गीता चौधरी

# श० म०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ

## आख्या: स्वयं (SWAYAM) पोर्टल जागरुकता कार्यशाला

## (यू०जी०सी० एवं शोध समिति)

आज दिनांक 19/04/2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "स्वयं पोर्टल जागरूकता" विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गौरी, असिस्टेंट प्रोफेसर , गृहविज्ञान विभाग ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवम उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । कार्यशाला में स्नातक एवम स्नातकोत्तर की 51छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यकम का आयोजन यू जी सी एवम शोध समिति की प्रभारी डा गीता चौधरी एवम आर सी सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में डा लता कुमार, आई क्यू ए सी प्रभारी, डा अनुजा गर्ग, कला संकाय प्रभारी, डा मोनिका चौधरी, डा अनीता गोस्वामी, डॉ भारती शर्मा उपस्थित रहे।







प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य

समन्वयक
प्रो० गीता चौधरी

# श० म०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ

## आख्या: स्वयं (SWAYAM) पोर्टल जागरुकता कार्यशाला
## (यू०जी०सी० एवं शोध समिति)

आज दिनांक 19/04/2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "स्वयं पोर्टल जागरूकता" विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गौरी, असिस्टेंट प्रोफेसर , गृहविज्ञान विभाग ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवम उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । कार्यशाला में स्नातक एवम स्नातकोत्तर की 51छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यकम का आयोजन यू जी सी एवम शोध समिति की प्रभारी डा गीता चौधरी एवम आर सी सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में डा लता कुमार, आई क्यू ए सी प्रभारी, डा अनुजा गर्ग, कला संकाय प्रभारी, डा मोनिका चौधरी, डा अनीता गोस्वामी, डॉ भारती शर्मा उपस्थित रहे।







प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य

समन्वयक

प्रो० गीता चौधरी

# कार्यशाला समाचारों में

## छात्राओं को दी स्वयं पोर्टल, पंजीकरण, मूल्यांकन की जानकारी

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ˝स्वयं पोर्टल जागरूकता˝ विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गौरी ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवं उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 51 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

दैनिक भास्कर | 11
गुरूवार 20,अप्रैल 2023 नोएडा

## स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर हुई त्रिदिवसीय कार्यशाला

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में ˝स्वयं पोर्टल जागरूकता˝ विषय पर एक त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में 80, द्वितीय सत्र में 51 एवं तृतीय सत्र में 62 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन यूजीसी एवं शोध समिति की प्रभारी डा. गीता चौधरी, डा. आरसी सिंह के निर्देशन में किया गया।



शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में जागरूकता कार्यशाला में मौजूद छात्राएं• जागरण

## छात्राओं को दी पोर्टल पर कोर्स की जानकारी

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ की ओर से बुधवार को स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता डा. गौरी ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवं उपयोगिता की जानकारी दी। प्राचार्य डा. अंजू सिंह, डा. गीता चौधरी, डा. लता कुमार, डा. अनुजा गर्ग और डा. मोनिका चौधरी भी उपस्थित रहीं। जासं

सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में

NATIONAL HINDI DAILY NEWS PAPER
दैनिक शाह बुलेटिन
Breaking News
कलम की ताकत...
19 april 2023 / RNI No: UPHIN56192/2014

## मेरठ में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वयं पोर्टल जागरूकता



शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "स्वयं पोर्टल जागरूकता" विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गौरी, असिस्टेंट प्रोफेसर , गृहविज्ञान विभाग ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवम उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । कार्यशाला में स्नातक एवम स्नातकोत्तर की **51**छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन यू जी सी एवम शोध समिति की प्रभारी डा गीता चौधरी एवम आर सी सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में डा लता कुमार, आई क्यू ए सी प्रभारी, डा अनुजा गर्ग, कला संकाय प्रभारी, डा मोनिका चौधरी, डा अनीता गोस्वामी, डॉ भारती शर्मा उपस्थित रहे।

प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य

समन्वयक
प्रो० गीता चौधरी

## श० म०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ

**आख्या: मंथन- शोध संवाद**

**(यू०जी०सी० एवं शोध समिति)** (दिनांक : 29-04-2023 )




आज दिनांक 29 अप्रैल 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में शोध प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक शोध संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ने राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के विचार विमर्श से हम महाविद्यालय में शोध संस्कृति विकसित कर सकते हैं। यह पूरा कार्यक्रम संवाद पर आधारित था जिसमें शोधार्थियों की समस्याओं व सुझावों को आमंत्रित किया गया उनके अनुसार आश्वासन भी दिया गया । इस अवसर पर एक रिसर्च एसोसिएशन का गठन भी किया गया जिसमे अनामिका नागर अध्यक्ष, श्री कृष्ण यादव उपाध्यक्ष, धर्मवीर सिंह सचिव, दीपा सिंह संयुक्त सचिव, सोनपाल सिंह मावी कोषाध्यक्ष एवं मयंक,विशाल, कल्पना एवम चेतना को कार्यकारी सदस्य चुना गया । यह एसोसिएशन भविष्य में शोध संबंधी होने वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों का आयोजन एवं संचालन करेगी। समिति के प्रभारी प्रोफ़ेसर गीता चौधरी ने शोधार्थियों से सहयोग की


अपेक्षा करते हुए महाविद्‌यालय में शोध का सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन समिति की सदस्य डॉ गौरी ने किया । समिति के सह प्रभारी डॉ0 आर सी सिंह एवम डॉ0 उषा साहनी ने भी अपने विचर एवं सुझाव प्रस्तुत किये । इस अवसर पर समिति सदस्यों मे डा ० शालिनी सिंह, डा ० वैभव शर्मा, डॉ0 अमित कुमार,डॉ0 विकास कुमार, डॉ आवेश कुमार के अतिरिक्त महाविद्‌यालय परिवार से प्रो0 सुरेश जैन, प्रो ० मंजू रानी, प्रो0 अनीता गोस्वामी, प्रो0 सुधा रानी सिंह,प्रो0 मोनिका चौधरी,डॉ0 भारती शर्मा, डा ० शबीना परवीन आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे ।






<u>**श०म०पा० राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ**</u>


**आख्या: मंथन: यू० जी० सी० शोध विनियमन, 2022** (दिनांक : 29-05-2023 )




दिनांक 29 मई 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'मंथन शोध संवाद श्रृंखला' का दूसरा आयोजन सोमवार सायं 6:00 बजे गूगल मीट पर किया गया। इस आयोजन का विषय **"यूजीसी शोध विनियमन 2022"** था। मुख्य वक्ता डॉ आवेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने यूजीसी की नई गाइडलाइंस को व्याख्यायित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह यूजीसी विनियमन 2022 नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर बनाई गई है, शोध को प्रासंगिक बनाने के लिए यूजीसी किस तरह प्रयास कर रही है। पीएचडी प्रवेश की पात्रता, पीएचडी की अवधि, रिसर्च एडवाइजरी आदि को स्पष्ट किया। उन्होंने कोर्स वर्क के महत्व और क्रेडिट स्कोर को बताया,

उन्होंने स्पष्ट किया कि किस तरह नई शिक्षा नीति से एक साथ दो डिग्री कर सकते हैं। प्राचार्य ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शोध संबंधी जानकारी सभी के लिए आवश्यक है। सही जानकारी से ही वे अपने शोध कार्य को भली भांति एवम समय से पूरा कर सकते हैं। महाविद्यालय में शोध निर्देशकों एवम शोधार्थियों के साझे प्रयास से ही हम शोध संस्कृति विकसित कर सकते हैं। यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ गीता चौधरी ने कार्यक्रम के माध्यम से होने वाले संवाद की उपयोगिता को स्पष्ट किया तथा शोधार्थियों को रचनात्मक होने के लिए प्रेरित कर शोधार्थियों को इस कार्यक्रम के आयोजन एवम संचालन हेतु बधाई दी । संचालन श्री कृष्ण यादव तथा आभार ज्ञापन अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर समिति सदस्यों मे डा ० उषा साहनी, डा० शालिनी सिंह, डॉ० विकास कुमार, डॉ० गौरी के अतिरिक्त महाविद्यालय परिवार से प्रो0 सुरेश जैन, प्रो ० भारती दीक्षित, प्रो० अनुजा गर्ग, प्रो0 अनीता गोस्वामी, प्रो0 सुधा रानी सिंह,प्रो० मोनिका चौधरी, डॉ० भावना सिंह आदि प्राध्यापक गण एवम शोधरत छात्र उपस्थित रहे ।




प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य

प्रो० गीता चौधरी